भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4117

दिनांक 12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

आकांक्षी जिला कार्यक्रम

4117. डॉ. राजीव भारद्वाज:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के अंतर्गत चयनित सबसे पिछड़े और कम विकसित जिलों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) क्या हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल है; और

(ग) यदि हां, तो उक्त जिले में पर्यटन की संभावनाओं को उजागर करने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख) आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के तहत 27 राज्यों और 1 संघ राज्य क्षेत्र में से 117 आकांक्षी जिलों का चयन किया गया है। चंबा जिले को एडीपी के तहत शामिल किया गया है।

(ग) चम्बा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, राज्य सरकार ने जिले की अपार पर्यटन संभावनाओं को उजागर करने, अज्ञात गंतव्यों को प्रदर्शित करने के साथ-साथ इसे रोजगार प्रदाता के रूप में बदलने के उद्देश्य से "चलो चंबा" अभियान जैसी पहल शुरू की है। इसके अलावा, जिले में मिंजर महोत्सव के दौरान मेलों का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें पूरे देश और दुनिया भर के लोग भाग लेते हैं। इसे राज्य सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय मेलों में से एक घोषित किया गया है, जिसने चंबा की संपूर्ण पर्यटन क्षमता में वृद्धि की है।

*****